भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1284
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ऑक्सीजन बिस्तर

1284. श्री नामा नागेश्वर राव:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोविड महामारी त्रासदी के पश्चात् सम्पूर्ण देश में अब तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ऑक्सीजन बिस्तरों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) जनसंख्या प्रतिशत के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए स्वीकृत और स्थापित ऑक्सीजन बिस्तरों की संख्या देश में राज्यों की जनसंख्या के प्रतिशत के अनुरूप है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त अंतर को पाटने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी.सिंह बघेल)

(क) से (घ): 'जन स्वास्थ्य' राज्य सूची का विषय है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय मेडिकल ऑक्सीजन और ऑक्सीजन समर्थित बिस्तरों की उपलब्धता सहित तत्परता और अनुक्रिया क्षमताओं के संवर्धन हेतु सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपेक्षित तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

भारत सरकार ने आपातकालीन कोविड-19 अनुक्रिया और तत्परता पैकेज (ईसीआरपी-II) के दूसरे चरण के तहत ऑक्सीजन समर्थित बिस्तरों सहित स्वास्थ्य अंवसरचना में वृद्धि करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

देश में अप्रैल, 2020 और फरवरी, 2024 में उपलब्ध ऑक्सीजन समर्थित बिस्तरों की राज्य-वार तुलना अनुलग्नक में दी गई है।

अनुलग्नक

देश में अप्रैल, 2020 और फरवरी, 2024 में उपलब्ध ऑक्सीजन समर्थित बिस्तरों की राज्य-वार तुलना

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	अप्रैल, 2020	फरवरी, 2024
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	60	165
2	आंध्र प्रदेश	2643	18019
3	अरूणाचल प्रदेश	179	1138
4	असम	687	5961
5	बिहार	1677	8628
6	चंडीगढ़	330	981
7	छत्तीसगढ़	571	5918
8	दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव	112	977
9	दिल्ली	115	15141
10	गोवा	198	274
11	गुजरात	4061	40708
12	हरियाणा	4170	17286
13	हिमाचल प्रदेश	771	2219
14	जम्मू और कश्मीर	1245	6414
15	झारखंड	524	10416
16	कर्नाटक	3361	27707
17	केरल	1009	12735
18	लद्दाख	109	411
19	लक्षद्वीप	2	76
20	मध्य प्रदेश	647	17371
21	महाराष्ट्र	11254	132314
22	मणिपुर	111	423
23	मेघालय	120	1051
24	मिजोरम	210	368
25	नागालैंड	36	212
26	ओडिशा	2769	7659
27	पुदुचेरी	177	1614
28	पंजाब	2696	5601
29	राजस्थान	6724	20116
30	सिक्किम	224	359
31	तमिलनाडु	3264	61074
32	तेलंगाना	181	13664
33	त्रिपुरा	10	1011
34	उत्तर प्रदेश	3391	42221
35	उत्तराखंड	729	6846
36	पश्चिम बंगाल	8091	28267

******